**Shivaji University, Kolhapur**
**Question Bank for March- 2022**
**(Summer) Examination (CBCS)**
**B.A. Part - III Sem - VI Subject Code : 75755**
**Subject : HINDI (Paper- XVI)**
**Paper Name : भाषा विज्ञान और हिंदी भाषा**

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित वाक्यों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य फिर से लिखिए। (10) अंक**

1. भाषा विज्ञान का प्रारंभिक नाम ------- था।
   अ) भाषिकी ब) तुलनात्मक व्याकरण क) भाषाशास्त्र ड) भाषाज्ञान
2. विज्ञान शब्द का अर्थ ----- है।
   अ) विषय ज्ञान ब) विधी ज्ञान क) विशिष्ट ज्ञान ड) शास्त्र ज्ञान
3. —--- के अध्ययन से विश्व भाषाओं के प्रति प्रेम एवं सम्मान की भावना निर्माण होती है।
   अ) भाषा विज्ञान ब) समाज विज्ञान क) अर्थ विज्ञान ड) मानव विज्ञान
4. भाषा विज्ञान के अध्ययन से ----- की तृप्ति होती है।
   अ) इच्छा ब) वासना क) जिज्ञासा ड) भाव
5. प्राचीन इतिहास की ज्ञान प्राप्ति ----- के अध्ययन से होती है।
   **अ**) भाषा विज्ञान ब) समाज विज्ञान क) दर्शन ड) ध्वनि विज्ञान
6. हिन्दी में पूर्णविराम के लिए ------ का प्रयोग किया जाता है।
   अ) प्रश्न चिन्ह् ब) अल्पविराम क) निर्देशक ड) खड़ी पाई
7. भाषा विज्ञान के नियम अधिकतर ------ पर आधारित होते हैं।
   अ) व्याकरण ब) कल्पना क) प्रकृति ड) कार्य-कारण-भाव
8. भाषा की लघुत्तम इकाई ------- हैं।
   अ) शब्द ब) वाक्य क) ध्वनि ड) वर्ण
9. भाषा की सबसे छोटी इकाई—--- होती है।
   अ) शब्द ब) वाक्य क) काव्य ड) ध्वनि
10. -----को अंग्रेजी में Semantics कहा जाता है।
    अ) अर्थ विज्ञान ब) वाक्य विज्ञान क) ध्वनि विज्ञान ड) शब्द विज्ञान
11. —-----को भाषा की आत्मा कहा जाता है।
    अ) पद ब) वाक्य क) अर्थ ड) प्रोक्ति
12. रूप विज्ञान का दूसरा नाम —--- है।
    अ) पद विज्ञान ब) वाक्य विज्ञान क) अर्थ विज्ञान ड) शब्द विज्ञान
13. स्वन से संबंधित उच्चारण अवयवों का अध्ययन—--- में होता है।
    अ) अर्थ विज्ञान ब) ध्वनि विज्ञान क) पद विज्ञान ड) शब्द विज्ञान
14. ध्वनि उच्चारण से संबंधित अवयावों को ------ कहते हैं।
    अ) कर्नेंद्र ब) होकायंत्र क) लोचनेंत्र ड) वाग्यंत्र
15. भाषा विज्ञान—--- संबंधी समस्याओं का समाधान करता है।
    अ) कला ब) भाषा क) विज्ञान ड) शास्त्र
16. —---- के अभाव में कई प्राचीन भाषाएं लुप्त हो गई हैं।
    अ) साहित्य ब) समीक्षा क) शास्त्र ड) संगीत

17. अर्थपूर्ण शब्दों का समूह ---- कहलाता है।
अ) प्रोक्ति ब) शब्द क) ध्वनि ड) वाक्य
18. ध्वनि विज्ञान को—----- भी कहा जाता है।
अ) पद विज्ञान ब) स्वन विज्ञान क) वाक्य विज्ञान ड) शब्द विज्ञान
19. मनोविज्ञान में मनुष्य के------ का अध्ययन किया जाता है।
अ) हाथ ब) कर्ण क) समूह ड) मन
20. देवेंद्रनाथ शर्मा के मतानुसार कारक का अर्थ—-- है।
अ) चलनेवाला ब) गानेवाला क) खेलनेवाला ड) करनेवाला
21. प्राचीन भाषाओं का ज्ञान----- से प्राप्त होता है।
अ) साहित्य ब) समाज क) इतिहास ड) दर्शन
22. भाषा विज्ञान के लिए मनोरंजक सामग्री ------ प्रदान करता है।
अ) समाज ब) मनोविज्ञान क) इतिहास ड) दर्शन
23. प्राचीन इतिहास का ज्ञान प्राप्त करने के लिए ----- का अध्ययन किया जाता है।
अ) शिलालेखों ब) पर्वतों क) जंगलों ड) बादलों
24. संधि, विग्रह आदि में भाषा विज्ञान —-- की मदत लेता है।
अ) साहित्य ब) समाज क) व्याकरण ड) गणित
25. 'हिंदी वर्तनी का मानकीकरण' किताब का प्रकाशन —---- ई. में हुआ है।
अ) 1967 ब) 1970 क) 1980 ड) 1987
26. व्याकरण का शाब्दिक अर्थ—--- है।
अ) परीक्षण ब) विश्लेषण क) निरीक्षण ड) समीक्षा
27. हिंदी में कारकों की संख्या ------ है।
अ) चार ब) आठ क) दो ड) दस
28. कर्ता कारक का प्रत्यय ----- है।
अ) को ब) में क) ने ड) से
29. क्रिया के व्यापार का फल जिस पर पड़ता है उसे ----- कहते हैं।
अ) कर्म ब) संबंध क) करण ड) कर्ता
30. जिसमें क्रिया के साधन का बोध होता है उसे ---- कहते हैं।
अ) करण ब) संप्रदान क) विभक्ति ड) अधिकरण
31. करण कारक का प्रत्यय ---- है।
अ) को ब) ने क) से ड) है
32. 'के लिए' प्रत्यय ------ कारक का है।
अ) कर्म ब) करण क) संप्रदान ड) संबंध
33. अपदान कारक ------ दर्शाता है।
अ) काम ब) अंतर क) साधन ड) व्यक्ति
34. क्रिया के निश्चित स्थान का बोध करनेवाला कारक ----- है।
अ) करण ब) कर्ता क) संबोधन ड) अधिकरण
35. भारत की उत्तर दिशा में हिमालय है, अधोरेखित कारक ----- है।
अ) अधिकरण ब) संबंध क) करण ड) संप्रदान
36. संबोधन कारक के आगे प्रायः ------ चिन्ह् लगाते हैं।
अ) पूर्णविराम ब) विस्मयादिबोधक क) प्रश्न चिन्ह् ड) अल्पविराम

37. वाक्य में पदों के निश्चित क्रम को-----कहते हैं।
    अ) निबंध  ब) वाक्य  क) पदक्रम  ड) प्रोक्ति
38. ------ का अर्थ ठहरना या रूकना होता है।
    अ) विराम  ब) बैठना  क) सोना  ड) भागना
39. छंदों में यति के बाद ----- चिन्ह् आता है।
    अ) पूर्णविराम  ब) अल्पविराम  क) योजक  ड) प्रश्न
40. अवतरण चिन्ह् के ------ भेद है।
    अ) एक  ब) दो  क) तीन  ड) चार
41. वर्तनी ------ भाषा का शब्द है।
    अ) संस्कृत  ब) मराठी  क) हिंदी  ड) फ्रेंच
42. हिंदी में श्रुतिमूलक वर्ण —--- है।
    अ) स, श  ब) च, छ   क) य, व  ड) ख, घ
43. प्रश्नवाचक वाक्य के अंत में प्रायः-----लगता है।
    अ) पूर्ण विराम  ब) अल्प विराम  क) हल चिन्ह्  ड) प्रश्न चिन्ह्
44. निर्देशक का चिन्ह् ------ है।
    अ) ( — )   ब)  ( ! )   क) ( ; )   ड) ( ? )
45. अल्पविराम का चिन्ह्  ------ है।
    अ) ( । )   ब) ( , )   क) ( ; )  ड) ( ....)
46. किसी भाषा में शब्द के वर्ण, क्रम एवं उच्चारण विधि की क्रिया को ----- कहा जाता है।
    अ) वर्तनी  ब) गीत  क) संज्ञा  ड) गज़ल
47. -----के साथ विभक्ति चिन्ह् जोड़कर लिखते हैं।
    अ) कर्ता  ब) सर्वनाम  क) कर्म  ड) क्रिया
48. द्वंद्व समास में पदों के बीच-----चिन्ह् लगता है।
    अ) अल्पविराम  ब) निर्देशक  क) कोष्ठक  ड)   योजक
49. हिंदी में—------ के लिए खड़ीपाई का प्रयोग किया जाता है।
    अ) अर्धविराम  ब) अल्पविराम  क) पूर्णविराम  ड) निर्देशक चिन्ह्
50. —---- को अंग्रेजी में Phonetics कहा जाता है।
    अ) शब्द विज्ञान  ब) अर्थ विज्ञान  **क) ध्वनि विज्ञान**  ड) पद विज्ञान

**प्रश्न. 2  निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए।    ( 3 में से 2)    [10] अंक**

1. कर्ता कारक के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
2. अधिकरण कारक  को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
3. करण कारक के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
4. कर्म कारक के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
5. संप्रदान कारक के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
6. अपदान कारक के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
7. संबंध कारक के नियमों को सोदाहरण लिखिए।।
8. संबोधन कारक के नियमों को सोदाहरण विवेचन कीजिए।
9. पदक्रम का सामान्य परिचय दीजिए।

10. पदक्रम के नियमों को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
11. अल्पविराम के सोदाहरण पांच नियम लिखिए।
12. निर्देशक चिन्ह् के पांच नियम सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
13. अवतरण चिन्ह् के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
14. मानक वर्तनी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।
15. मानक वर्तनी के नियमों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।

**प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए । ( 3 में से 2) [10] अंक**

1. भाषा विज्ञान के प्रधान अंग।
2. ध्वनि विज्ञान।
3. ध्वनि विज्ञान का स्वरूप।
4. शब्द विज्ञान।
5. शब्द विज्ञान का स्वरूप।
6. पद विज्ञान।
7. पद विज्ञान का स्वरूप।
8. रूप विज्ञान।
9. रूप विज्ञान का स्वरूप।
10. वाक्य विज्ञान।
11. वाक्य विज्ञान का स्वरूप।
12. वाक्य की संरचना।
13. अर्थ विज्ञान।
14. अर्थ विज्ञान का स्वरूप।
15. अर्थ भाषा की आत्मा।

**प्रश्न 4 दीर्घोत्तरी प्रश्न (अंतर्गत विकल्प के साथ) [10] अंक**

1. भाषाविज्ञान की परिभाषा देकर भाषाविज्ञान के अध्ययन का महत्व विशद कीजिए।
2. भाषा विज्ञान के अध्ययन का महत्व स्पष्ट कीजिए।
3. भाषाविज्ञान का महत्व एवं उपयोगिता स्पष्ट कीजिए ।
4. भाषा विज्ञान की वैज्ञानिकता का विवेचन कीजिए।
5. भाषा विज्ञान विज्ञान है या कला ? स्पष्ट कीजिए।
6. भाषा विज्ञान का अन्य ज्ञान - विज्ञानों के संबंधों पर प्रकाश डालिए।
7. भाषा विज्ञान का साहित्य और समाज के साथ संबंध स्पष्ट कीजिए।
8. भाषा विज्ञान का इतिहास और भूगोल के साथ संबंध स्पष्ट कीजिए।
9. भाषा विज्ञान का व्याकरण और मनोविज्ञान के साथ संबंध स्पष्ट कीजिए।
10. भाषा विज्ञान का समाज और इतिहास के साथ संबंध स्पष्ट कीजिए ।